प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 07.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

0000

राष्ट्रीय गीत '**वन्दे मातरम्**' के डेढ़ सौ साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली से देशव्यापी स्मरणोत्सव कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया। देशभर में वंदे मातरम कार्यक्रमों की श्रंखला एक साल तक चलेगी। इसके साथ ही स्मारक डाक टिकिट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने vandemataram150.in पोर्टल भी शुरू किया। अपने संबोधन में श्री मोदी ने कहा कि वंदे मातरम मां भारती की आराधना है। इसका सामूहिक गान अभिव्यक्ति से परे है।

.....

प्रधानमंत्री ने कहा कि वन्दे मातरम् गीत, राष्ट्रीय गौरव और एकता की अलख जगाता है। इसने पीढीयों को प्रेरित किया है।

....

वन्दे मातरम् की डेढ सौ वीं वर्षगांठ पर जयपुर में हुए राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने एसएमएस स्टेडियम में गुब्बारे उड़ाकर इस एतिहासिक आयोजन का शुभारम्भ किया। इस दौरान ड्रॉन से की गई पुष्पवर्षा और जन सैलाब ने तिरंगा लहराकर माहौल को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। समूचा वातावरण वंदे मातरम से गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम हमारी सामूहिक चेतना का प्रतीक है।

....

राष्ट्रव्यापी उत्सव की इस कडी में प्रदेश के जिलों की भी भागीदारी रही। प्रदेशभर में आज से देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने तथा स्वदेशी संकल्प के विभिन्न आयोजन शुरू किये गये है। झुंझुनूं, भरतपुर, भीलवाडा, अजमेर, सवाईमाधोपुर, सलुम्बर और अलवर सहित सभी जिलों में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के डेढ सौ साल पूरा होने के उपलक्ष्य में जिलास्तरीय कार्यक्रम रखे गये। इस अवसर पर यूनिटी मार्च भी निकाली गई। शहीद स्मारक पर पुष्पाजंलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया गया।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज उदयपुर और गुजरात दौरे का कार्यक्रम है। श्री शर्मा उदयपुर में बिरसा मुंडा की डेढ़ सौ वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे जनजातीय गौरव पखवाडे के तहत आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही बिरसा मुंडा की डेढ सौ वीं जयंती पर आयोजित होने वाले विशेष समारोह की तैयारियों को लेकर भी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेंगे। इसके बाद श्री शर्मा गुजरात के केवडिया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी स्थल पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे।

00000

राज्य सरकार सड़क हादसों की रोकथाम और सड़क सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी नगरीय निकायों में चल रहे सड़को के नये कामों को 30 दिसम्बर तक पूरा करने के निर्देश दिए गए है। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत निकाय क्षेत्रों में फुटपाथ और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करवाया जायेगा। इसके साथ ही अनाधिकृत रोड़ कट तत्काल बंद किये जायेंगे। सीवर लाईन के मैन हॉल को कवर करने का काम भी पूरा किया जायेगा। इसी तरह भीडभाड वाले इलाकों में डिवाइडर पर मूजबूत रैलिंग की पुख्ता व्यवस्था भी की जायेगी। इस बीच अभियान के तहत प्रदेशभर में पुलिस और परिवहन विभाग की ओर से व्यापक कार्रवाई की जा रही है।

0000

प्रदेश में अगले एक सप्ताह तक मौसम साफ रहने के आसार है और न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव की संभावना नहीं है। इस बीच बीते दो दिनों में रात के तापमान में 2 से 7 डिग्री सैल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। आज नागौर में न्यूनतम तापमान 6 दशमलव 7 डिग्री और सीकर में 7 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस रहा। वहीं दौसा, चूरू, बीकानेर, अजमेर में भी रात का तापमान 8 से 9 डिग्री सैल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया।

0000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से उपनिरीक्षक दूरसंचार परीक्षा 2024, 9 नवम्बर को आयोजित की जायेगी। दो पारी में होने वाली ये परीक्षा जयपुर जिले में 121 केन्द्रों पर होगी। इन परीक्षा केन्द्रों के लिए जयपुर में नियंत्रण कक्ष बना दिया गया है। वहीं कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से शिक्षक भर्ती परीक्षा के आवेदन आज से हो सकेंगे। बोर्ड ने इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए कहा है कि ये आवेदन 6 दिसम्बर तक किये जा सकेंगे।

00000

बूंदी महोत्सव कल से आयोजित किया जायेगा। पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन की ओर से हो रहे इस तीन दिवसीय आयोजन की शुरूआत गढ पैलेस से ध्यजा रोहण के जरिये होगी। बूंदी महोत्सव में नवल सागर से शोभायात्रा भी निकाली जायेगी। वहीं हैरिटेज वॉक विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। वहीं कल्चरल डायरीज के तहत राजधानी जयपुर में कल स्पिक मैके के सहयोग से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत संध्या रखी गई है।

00000